2 खरगोश, गिलहरी, मछली, केकड़ा पकड़ने हुई प्रतियोगिता





INTERVIEW

अतिशीघ्र आवश्यकता है

11,12,13 March 2026

समय : सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

5 पद- ड्राइवर पुरुष

2 पद - कंप्यूटर ऑपरेटर महिला पुरुष

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड महिला

30 पद - सिक्योरिटी गार्ड पुरुष

30 पद - फूड पैकिंग कंपनी के लिए महिला एवं पुरुष

वेतनमान अनुभव के आधार पर

योग्यता-10वीं पास, 22 उम्र से 35 वर्ष सभी पदों के लिए

फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट कैंपस

इंदिरा गांधी स्कूल, भिलाई, जिला-दुर्ग छत्तीसगढ़-490023


## लम्बे इंतजार के बाद पूर्ण हुई टेंडर की प्रक्रिया लेकिन वर्क ऑर्डर जारी नहीं

# तीन साल से बंद पड़ा है मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंह देव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण तीन साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया है। आलम यह है कि शासन स्तर से राशि जारी किए भी दो साल का समय बीत गया लेकिन टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी वर्क ऑर्डर जारी नहीं हो पा रहा है। अधिकारी शासन स्तर से ही मामला लंबित होने की बात कह रहे है लेकिन राशि जारी होने और टेंडर की प्रक्रिया होने के बाद भी काम शुरू नहीं होने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का भविष्य अधर में है। निर्माण की लेट लतीफी का खामियाजा अस्पताल प्रबंधन और संभाग के मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- अधर में अटका निर्माण

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण राशि के आभाव में अप्रैल 2023 से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल भवन के शेष बचे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए 109 करोड़ रुपए की जरुरत थी और शासन को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन की ओर से लम्बे इन्तजार के बाद 109 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा भी नवम्बर 2024 में की गई लेकिन शासन से सिर्फ 98 करोड़ रुपए ही जारी किए गये। 11 करोड़ रुपए की राशि कम जारी होने से निर्माण एजेंसी और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी उहापोह बनी हुई थी। इस बीच शासन के निर्देश व आश्वासन के बाद लोक निर्माण विभाग ने 109 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया था। टेंडर जारी होने के बाद महीनों तक प्रक्रिया ऑनलाइन चलती रही। इस दौरान तीन बड़े फर्म ने निर्माण कार्य में दिलचस्पी दिखाई और अब बताया जा रहा है कि रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी का रेट सबसे कम आया है और उसे टेंडर मिलने की संभावना भी है लेकिन फिलहाल टेंडर के बाद रेट अप्रूवल समिति अपनी ओर से सहमती नहीं दे पाई है। शासन स्तर पर ही निर्माण कार्य के लिए टेंडर के लिए न्यूनतम दर को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। शासन से स्वीकृति नहीं मिलने के कारण वर्क ऑर्डर जारी नहीं हो पा रहा है और जब तक वर्क ऑर्डर जारी नहीं होता है तब तक निर्माण कार्य भी अधर में लटका रहेगा।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

### अस्पताल में हरपल बढ़ रही परेशानी

मेडिकल कॉलेज के अस्पताल भवन के निर्माण का कार्य शुरू नहीं होने से अस्पताल प्रबंधन और मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी इस बारिश में मरीजों को झेलनी पड़ी। वर्षों पुराना जिला अस्पताल का भवन अब जर्जर हो चुका है और छत से जगह जगह पानी टपक रहा है। ऐसे में पूरी बारिश मरीज हलाकान रहे वहीं सुरक्षा को लेकर प्रबंधन की चिंता भी बढ़ गई है। अब फिर से अगली बारिश तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन का निर्माण पूर्ण नहीं हो पाएगा। निर्माण कार्य को पूर्ण होने में ही न्यूनतम दो साल का समय लगने की संभावना है ऐसे में हरपल मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### होने है ये निर्माण

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खड़ा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

### जल्द मिलेगी स्वीकृति

भवन निर्माण के लिए टेंडर जारी किया गया और टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शासन से स्वीकृति मिलना शेष है। जल्द स्वीकृति मिलते ही वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू कराया जाएगा।

-वीरेंद्र चौधरी, ईई लोनिवि



## 22 टन सेमल लट्ठा के साथ ट्रक जब्त, वन विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सीतापुर क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध रूप से लकड़ी परिवहन के मामले में कार्रवाई की है। विभाग ने ट्रक से लगभग 22 टन सेमल लकड़ी बरामद किया है और आगे की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि सीतापुर क्षेत्र में वन विभाग को सूचना मिली थी कि लकड़ी से भरा हुआ एक ट्रक विशुनपुर चौक के समीप कड़ी है जिसके बाद वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी की गई। चौक किनारे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5275 की जांच के दौरान चालक और खलासी वाहन से कूदकर भाग निकले। इस दौरान जब वन विभाग ने ट्रक से तिरपाल हटाकर देखा तो अंदर सेमल लट्ठा लोड था। वन विभाग ने सेमल लट्ठा को वन अपराध की धारा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 (1), धारा 33 (1) धारा 41 एवं छग अभिवहन (वनोपज) नियम 2001 के धारा 4 की उपधारा 2 के (ग) के अंतर्गत जब्त करने के साथ की जांच की। जांच के दौरान वाहन स्वामी की पहचान गुदरी बाजार रोड निवासी संजय कुमार अग्रवाल आ. जगदीश राय अग्रवाल के रूप में की गई। वन विभाग ने ट्रक से लगभग 20 से 22 टन सेमल लट्ठा व वाहन को फॉरेस्ट परिसर सीतापुर में रखा गया है।

### आम की लकड़ी परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को वन अमले ने पकड़ा

**सूरजपुर।** वनमंडलाधिकारी के निर्देशन एवं उपवन मंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में गत दिन माता कर्मा चौक के समीप बाईपास रोड में शाम 4.30 बजे ट्रैक्टर में अवैध रूप से आम प्रजाति का काष्ठ लगभग 03 चट्टा परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन चालक ग्राम कोट मांझापारा निवासी नंद केश्वर आ. कंवल साय से काष्ठ से संबंधित दस्तावेज की मांग की गई लेकिन चालक कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। जिस पर वन अमले की टीम ने वाहन को जब्त कर वनपरिक्षेत्र कैम्पस ले आया। ट्रैक्टर वाहन मालिक ग्राम कोट निवासी संजय कुमार गुप्ता आ. विष्णु प्रसाद गुप्ता द्वारा निजी भूमि का कागजात एवं सरपंच ग्राम पंचायत पटना का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया। प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित होने के कारण वन परिक्षेत्र अधिकारी उमेश कुमार वस्त्रकार द्वारा प्रकरण को अनुविभागीय अधिकारी को हस्तांतरित कर दिया गया। कार्रवाई में वनपाल रमेश सिंह, वन रक्षक महेन्द्र प्रसाद सहित अन्य मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप

### शहर में 11 से तीन टाइम प्रभावित रहेगी जल आपूर्ति

**अंबिकापुर।** मायापुर पंपिंग हाउस में आवश्यक सुधार कार्य के कारण शहर में तीन टाइम की जल आपूर्ति बाधित रहेगी। ननि द्वारा पंपिंग हाउस की क्षमता में विस्तार के उद्देश्य से किए जा रहे आवश्यक सुधार के कारण पेयजल सप्लाई को बंद किया जाएगा। ननि आयुक्त ने बताया कि मायापुर पम्पिंग स्टेशन में आवश्यक सुधार कार्य होने के कारण मायापुर पानी टंकी, केदारपुर पानी टंकी, नमनाकला पानी टंकी-1 एवं 2, मणिपुर पानी टंकी 1 एवं 2 तथा घुटरापारा पानी टंकी से संबंधित क्षेत्रों में 11 मार्च को सायंकाल व 12 मार्च को तथा 12 मार्च को प्रातः एवं सायंकाल की जल प्रदाय बाधित रहेगी। सुधार कार्य के बाद पेयजल आपूर्ति नियमित रूप से शुरू की जाएगी।

### घर के समीप पानी भरे गड्ढे में गिरा मासूम, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सकालों निवासी मनीष देवनाथ का 1 वर्षीय पुत्र रौनक देवनाथ रविवार की दोपहर घर के सामने अकेले खेल रहा था। मनीष गांव में महर्षि विद्यालय में वेल्डिंग करने गया था जबकि पत्नी सहित परिवार के लोग घर में काम कर रहे थे। कुछ समय बाद मनीष की पत्नी बाहर निकली और बेटा को न देख खोजबीन करने लगी। इसी बीच जब घर के समीप गड्ढे में पास गई तो उसके होश उड़ गए। गड्ढे में मासूम का केवल पैर दिख रहा था जबकि सिर कीचड़ में धंसा था। मां ने तत्काल बेटा को बाहर निकाल घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन तत्काल बालक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मासूम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



रमज़ान मुबारक

बीसवां रोज़ा

आज का इफ्तार - 6.08 बजे

कल की सेहरी - 4.46 बजे

## नशे के कारोबार पर कार्रवाई : तीन माह के लिए दो आरोपियों को जेल भेजने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर मादक पदार्थों की अवैध तस्करी में लिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय आयुक्त एवं निरूद्ध कर्ता प्राधिकारी सरगुजा संभाग तथा सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र कुमार दुग्गा ने सोमवार को कार्यालय उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला सूरजपुर के द्वारा प्रस्तुत अपील के आधार पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत सुनवाई कर आरोपी महमूद अहमद उर्फ बबला ग्राम त्रिपुरेश्वरपुर जिला सूरजपुर, अली अहमद पिता स्व अमीर बक्स निवासी ग्राम डगमला थारा रामानुजनगर जिला सूरजपुर, सिपाही लाल प्रजापति पिता बुधराम प्रजापति निवासी नारायणपुर थाना रामानुजनगर जिला सूरजपुर को थाना प्रभारी श्री अलरिक लकड़ा के साक्ष्य/आरोपी साक्ष्य एवं प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर सम्भागायुक्त न्यायालय से स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत दोषमुक्त करने निर्देशित किया है।

- तीन दोषमुक्त, संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देश पर की गई कार्रवाई

वहीं संभागायुक्त श्री दुग्गा ने कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला सरगुजा/सूरजपुर के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 की उपधारा (1) के तहत सुनवाई कर आरोपी प्रदीप गाईन उर्फ मदन गाईन पिता स्व पुण्य चरण गाईन निवासी सुभाष नगर (होली क्रॉस के पीछे) थाना गांधीनगर जिला सरगुजा तथा राजू विश्वकर्मा पिता स्व गंगाराम निवासी ग्राम परी तहसील व थाना सूरजपुर जिला सूरजपुर को थाना प्रभारी सरगुजा/सूरजपुर के साक्ष्य एवं प्रस्तुत प्रकरण के आधार पर तथा आरोपी द्वारा लगातार मादक पदार्थ का अवैध व्यापार करने के कारण स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 3 सहपठित धारा 10 के तहत दोनों आरोपियों को तीन माह के लिए जिला जेल सरगुजा/सूरजपुर में निरूद्ध करने के आदेश दिए हैं।






# राज्य महिला आयोग ने 6 जिलों के 30 प्रकरणों की सुनवाई कर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के नेतृत्व में महिलाओं को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सरगुजा संभाग के लिए महा जन-सुनवाई का आयोजन जिपं सभाकक्ष में किया गया। यह सुनवाई सरगुजा संभाग में आयोजित महा जन-सुनवाई के साथ ही प्रदेश स्तर की 371वीं तथा जिला स्तर की 10वीं सुनवाई रही। महा जन-सुनवाई में सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं जशपुर के कुल 101 प्रकरणों की एक साथ सुनवाई की गई। इनमें से 30 प्रकरणों का निराकरण करते हुए उन्हें नस्तीबद्ध किया गया जबकि अन्य प्रकरणों में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य महिला आयोग की महा जनसुनवाई में रखे गए 101 प्रकरण



सुनवाई करतीं आयोग की अध्यक्ष।

जिला-वार प्राप्त प्रकरणों में सरगुजा जिले के 35 में से 5 प्रकरण, जशपुर के 18 में से 9 प्रकरण, सूरजपुर के 18 में से 10 प्रकरण, बलरामपुर के 6 में से 2 प्रकरण, कोरिया के 13 में से 3 प्रकरण तथा मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 11 में से 2 प्रकरण नस्तीबद्ध किए गए। सुनवाई में दोनों पक्षों के कुल 80 पक्षकारों ने पंजीयन कराया जबकि शेष पक्षकार अनुपस्थित रहे। उनके प्रकरण आगामी सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। सुनवाई के दौरान कई मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर आवश्यक निर्देश दिए गए। कुछ मामलों में विवाह के समय दिए गए सामान की वापसी, भरण-पोषण, पारिवारिक विवाद, आपसी सहमति से समझौता तथा न्यायालय में लंबित मामलों पर विचार किया गया। एक प्रकरण में विवाह के समय दिए गए सामान की वापसी के लिए सूरजपुर की संरक्षण अधिकारी को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा दोनों पक्षों को एक निर्धारित तिथि पर सामान के आदान-प्रदान और काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका की बेटी के लापता होने के मामले में जांच के लिए पुलिस अधीक्षक बलरामपुर को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। वहीं कुछ मामलों में न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होने के कारण उन्हें नस्तीबद्ध किया गया। कुछ प्रकरणों की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को रायपुर में निर्धारित की गई है। महा जन-सुनवाई में सरगुजा संभाग के सभी जिला संरक्षण अधिकारी, केंद्र प्रशासिका, मिशन शक्ति के प्रतिनिधि तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) के अधिकारियों का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### कैंडल मार्च का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** सोमवार को महिला कांग्रेस की राष्टीय अध्यक्ष अलका लांबा और महिला कांग्रेस छग की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस के तत्वाधान में नई लेदरी में जिला महिला कांग्रेस एमसीबी के नेतृत्व में 9 मार्च को एक कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह कैंडल मार्च एप्सटीन फाइल्स में हुए गंभीर खुलासों के विरोध में किया गया।

### 75 दिनों से हाथियों का आतंक जारी

**अनूपपुर।** छग की सीमा से लगे मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के कई गांव इन दिनों हाथियों की दहशत में जी रहे हैं। पिछले लगभग 75 दिनों से तीन हाथियों का झुंड जिले के जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार घूम रहा है। दिन के समय ये हाथी जंगलों में विश्राम करते हैं, जबकि रात होते ही खेतों और गांवों की ओर निकल पड़ते हैं। अचानक हाथियों के पहुंच जाने के डर से ग्रामीण रात-रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर हैं। इसी बीच 2 मार्च को छग की सीमा पार कर आया एक विशाल दो-दांत वाला नर हाथी अपने तीन साथियों से मिलने धनगवां बीट पहुंचा था। कुछ दिनों तक जैतहरी और कोतमा क्षेत्र में घूमने के बाद यह हाथी लगभग 40-45 किमी का सफर तय करते हुए शुक्रवार की सुबह वापस छग के जंगलों की ओर लौट गया। हालांकि जिले में अब भी तीन हाथियों का झुंड सक्रिय है, जो लगातार ग्रामीण इलाकों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है और ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा रहा है। लगभग ढाई महीने से तीन हाथियों का समूह जिले के जंगलों में डेरा डाले हुए है। यह झुंड दिन में जंगल के भीतर रहता है और रात के समय गांवों के नजदीक पहुंचकर खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाता है।

### क्षत्रीय महासभा का होली मिलन समारोह

**बैकुण्ठपुर।** रंग पंचमी के अवसर पर रविवार को सायं से देर रात्रि तक क्षत्रीय महासभा चरचा कॉलरी द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोग काफी संख्या में शामिल होकर एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंग पंचमी की बधाई दी। जानकारी के अनुसार क्षत्रीय समाज चरचा कॉलरी का होली मिलन समारोह रविवार को क्षत्रीय भवन सुभाष नगर चरचा कॉलरी में सायं 6 से रात्रि 10 बजे तक आयोजित की गई। इसमें क्षत्रीय समाज के सीनियर सीटीजन के अलावा समाज के पदाधिकारी एवं अन्य लोग शामिल होकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और होली की बधाई दी।

### होली के बाद बैरागी गांव में निभाई जाती है अनोखी परंपरा

# खरगोश, गिलहरी, मछली, केकड़ा पकड़ने हुई प्रतियोगिता





**एमसीबी जिले में होली के बाद एक अनोखी और रोचक परंपरा देखने को मिलती है। जिले के बैरागी गांव में प्रतिवर्ष होली के तीसरे दिन ग्रामीणों द्वारा एक विशेष पारंपरिक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, जो अब गांव की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इस अनोखे आयोजन को देखने के लिए आसपास के कई गांवों से काफी संख्या में लोग पहुंचते हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन जाता है और ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ इस परंपरा में भाग लेते हैं। इस परंपरा की सबसे खास बात यह है कि इसमें पुरूषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। होली के तीसरे दिन सुबह से ही गांव के पुरूष और महिलाएं अलग-अलग समूह बनाकर जंगल और नदी की ओर निकल पड़ते हैं।

महिलाएं नदी में उतरकर मछली और केकड़े पकड़ने की कोशिश करती हैं, जबकि पुरूष जंगल में जाकर खरगोश और गिलहरी पकड़ने का प्रयास करते हैं। कुछ समय बाद सभी ग्रामीण अपने-अपने शिकार या पकड़ी हुई चीजों के साथ गांव के मैदान में लौट आते हैं और इसके बाद प्रतियोगिता का मुख्य चरण शुरू होता है। प्रतियोगिता का सबसे रोमांचक दृश्य तब देखने को मिलता है जब महिलाओं द्वारा पकड़ी गई मछलियों और केकड़ों को पहले पानी से भरे एक तालाबनुमा स्थान में छोड़ दिया जाता है। इसके बाद पुरूष उस पानी में उतरकर मछलियों और केकड़ों को पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस दौरान वहां मौजूद ग्रामीण उत्साह के साथ उनका उत्साहवर्धन करते हैं और माहौल पूरी तरह से उत्सव में बदल जाता है। इसके बाद प्रतियोगिता की बारी महिलाओं की होती है। मैदान में एक बड़ा घेरा बनाया जाता है और उसके बीच में जंगल से लाया गया खरगोश छोड़ दिया जाता है। जैसे ही खरगोश को छोड़ा जाता है, महिलाएं उसे पकड़ने के लिए दौड़ पड़ती हैं। खरगोश को पकड़ने के दौरान कई बार वह तेजी से भागता है और महिलाओं को काफी देर तक दौड़ाता है। यह दृश्य देखने में बेहद रोमांचक और मनोरंजक होता है और ग्रामीणों के बीच इसे लेकर काफी उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। ग्रामीणों के अनुसार इस परंपरा के कुछ विशेष नियम भी बनाए गए हैं। यदि खरगोश को पकड़ते समय किसी महिला को वह काट लेता है तो उसे एक हजार रूपए का जुर्माना देना पड़ता है। इसी तरह यदि मछली या केकड़ा पकड़ते समय किसी पुरूष को काट लिया जाता है, तो उसे भी एक हजार रूपए का दंड देना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है और इसका मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करना है। इस आयोजन के माध्यम से गांव के लोग एक साथ मिलकर अपनी परंपरा और संस्कृति को जीवित रखते हैं, जिससे नई पीढ़ी भी अपने गांव की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रहती है।







दुर्घटना ग्रस्त वाहन।

# शिवघाट के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सोमवार को सोनहत मार्ग पर शिवघाट के शुरूआती चढ़ाई में एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चट्टान से टकरा गया। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह के समय सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाट के शुरूआती एस आकार के मोड में एक जगह यू टर्न है, वहीं पर वाहन क्रमांक सीजी 10 बीजेड 5417 के चालक ने वाहन को पूरी तरह से मोड नहीं पाया और सड़क किनारे मोड के घाट के चट्टान से टकरा गया। इस दौरान उक्त वाहन के दोनों एयर बैग खुल गए, इससे वाहन में सवार लोग सुरक्षित बच गए। घटना स्थल पर सुबह से लेकर दोपहर बाद तक आने जाने वाले लोग दुर्घटनाग्रस्त वाहन को देखने के लिए रूकते रहे। जानकारी के अनुसार सीजी नंबर की उक्त वाहन के चालक यूपी से सोनहत की ओर जा रहे थे कि मोड पर उनकी स्टेयरिंग पूरी तरह नहीं मुडी ,इसके चलते वाहन सड़क किनारे चट्टान में टकरा गया। हालांकि इस घटना में कार सवार सभी सुरक्षित रहे।

### असुरक्षित पाया गया टाटा संपन्न फाइन बेसन का एक बैच, प्रशासन ने जारी की चेतावनी

**बैकुण्ठपुर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आम जनता और खाद्य विक्रेताओं को सावधान करते हुए टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड द्वारा निर्मित टाटा संपन्न फाइन बेसन 500 ग्राम के एक विशेष बैच को असुरक्षित घोषित किया है। विभाग ने उक्त बैच के बेसन को न खरीदने और न ही उपभोग करने की अपील की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पैक्ड टाटा संपन्न फाइन बेसन 500 ग्राम (कोड-013, सरल क्रमांक 86/2025, बैच नंबर जीवी 5 एच 844 डीआई, पैकिंग 8 अगस्त 2025) के नमूने की जांच काली लैब प्राइवेट लिमिटेड भोपाल में कराई गई थी। जांच प्रतिवेदन क्रमांक आर-0024/2026 27 जनवरी 2026 में इस बैच को असुरक्षित (एनसेफ) घोषित किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अभिहीत अधिकारी ने जानकारी दी है कि आम जनता उक्त बैच नंबर के बेसन को न खरीदें और न ही इसका उपयोग करें। साथ ही सभी थोक एवं फुटकर खाद्य विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त बैच नंबर के उत्पाद का क्रय-विक्रय और भंडारण तत्काल प्रभाव से बंद कर दें। प्रशासन ने कहा है कि यदि किसी विक्रेता के पास इस बैच का उत्पाद शेष है तो उसे अलग से सुरक्षित रखकर कंपनी को वापस करने की प्रक्रिया अपनाई जाए, ताकि गलती से भी यह उत्पाद बाजार में न बिक सके। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जनजागरूकता के लिए इस सूचना के माध्यम से अपील भी की है कि आम जनता असुरक्षित खाद्य पदार्थ क्रय व उपयोग से बच सके।

## किसानों को मशीन किराए पर देकर कमा रहीं हजारों रुपए

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिला के ग्राम कसरा की रहने वाली 37 वर्षीय श्रीमती निर्जला साहू ने भी कुछ ऐसा ही कर दिखाया है। दो बेटों की मां और स्नातकोत्तर शिक्षित निर्जला ने छग सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली हर माह की एक हजार रूपए की राशि को बचाकर अपनी आर्थिक स्थिति बदलने की शुरूआत की। निर्जला बताती हैं कि उन्होंने पूरे साल की 12 हजार रूपए की राशि बचाई और बैंक से 80 हजार रूपए ऋण लेकर रीपर मशीन खरीद ली। यह मशीन धान और गेहूं की कटाई में काम आती है। अब वह इस मशीन को किसानों को प्रति घंटे 600 रूपए किराए पर देती हैं। मौसम के दौरान कई बार एक दिन में 4-5 घंटे तक मशीन चलती है, जिससे उन्हें दो-तीन हजार रूपए तक की कमाई हो जाती है। एक माह में उन्होंने करीब 36 हजार रूपए से अधिक की आय अर्जित की, जबकि एक सीजन में लगभग 65 हजार रूपए तक का लाभ प्राप्त हुआ। निर्जला ने बताया कि महतारी वंदन योजना के दूसरे वर्ष की 12 हजार रूपए की राशि भी उन्होंने बैंक में जमा कर ली है। बैंक से लिए गए ऋण की करीब 4 हजार रूपए की मासिक किस्त भी वह नियमित रूप से चुका रही हैं। परिवार का साथ भी उनकी सफलता की बड़ी ताकत है। उनके पति, सास और ससुर उन्हें हर कदम पर सहयोग देते हैं। उनका बड़ा बेटा जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 8 वीं में पढ़ रहा है, जबकि छोटा बेटा स्वामी आत्मानंद स्कूल में कक्षा 4 वीं का छात्र है। निर्जला कहती हैं कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से शुरू हुई महतारी वंदन योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही है।



- महतारी वंदन योजना से मिली प्रेरणा

# जनकपुर की बेटी दर्शना बनीं आईपीएस



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के जनकपुर चांगभखार क्षेत्र के लिए बेहद गर्व और खुशी का क्षण है। गांव की बेटी दर्शना सिंह (ग्रेसी) ने संघ लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर आईपीएस के रूप में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से जनकपुर सहित पूरे चांग भखार क्षेत्र में उत्साह और गौरव का माहौल है।

दर्शना सिंह की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। इसके साथ ही उनके माता-पिता अरुण सिंह एवं उनकी माता के त्याग, सहयोग और आशीर्वाद का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सीमित संसाधनों के बीच कठिन परिश्रम कर दर्शना ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो सफलता अवश्य मिलती है। दर्शना की इस उपलब्धि से पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल बन गया। ग्रामीणों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। सभी लोगों ने मिलकर गांव में भव्य शोभायात्रा निकालकर अपनी खुशी और गर्व का इजहार किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ निकाली गई। इस शोभायात्रा में काफी संख्या में ग्रामीण, युवा और महिलाएं शामिल हुरइं। लोगों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक क्षण बताया। ग्रामीणों का कहना है कि दर्शना सिंह की सफलता केवल उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र की उपलब्धि है।

### हर्षवर्धन ने यूपीएससी में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया मान

**अनूपपुर।** कल्याणिका केन्द्रीय शिक्षा निकेतन विद्यालय के पूर्व छात्र हर्षवर्धन सिंह ने देश की सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 212 वीं रैंक प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे अमरकंटक क्षेत्र और विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण व्याप्त है। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परिणाम में हर्षवर्धन सिंह की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य के प्रति अटूट विश्वास, कठोर परिश्रम और सतत प्रयास हो, तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती।

### वैष्णवी ने दूसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में पाई सफलता

**अनूपपुर।** संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में वैष्णवी तिवारी ने अपने दूसरे प्रयास में ऑल इंडिया रैंक यूपीएससी 302 हासिल कर सफलता प्राप्त की है।

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं चमेली

बैकुण्ठपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में स्व सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जनपद पंचायत सोनहत की ग्राम पंचायत सोनहत निवासी श्रीमती चमेली देवी इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण हैं। एक सामान्य किसान परिवार की गृहिणी से व्यवसायी बनीं चमेली देवी आज अपने गांव में लखपति दीदी के नाम से जानी जाती हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद चमेली देवी ने अपने मोहल्ले की महिलाओं के साथ शिव गुरू महिला स्व सहायता समूह में पहले सदस्य और बाद में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उन्होंने व्यवसाय की दिशा में कदम बढ़ाया। चमेली देवी ने समूह के माध्यम से बैंक से लगभग ढाई लाख रूपए का ऋण लेकर कंक्रीट मिक्सर मशीन खरीदी और अपने व्यवसाय की शुरूआत की। शुरूआत में गांव में छोटे निर्माण कार्य मिले, लेकिन बाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले मकानों की ढलाई में उनकी



मशीन लगातार उपयोग में आने लगी। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत क्षेत्र में सीसी सड़क और अन्य निर्माण कार्यों में भी अपनी मशीन लगाई। व्यवसाय से आय बढ़ने के बाद चमेली देवी ने अपने घर में किराना दुकान शुरू की और बाद में एक छोटी होटल भी खोल ली। इस तरह आज वह मिक्सर मशीन, किराना दुकान और होटल जैसे तीन व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित कर रही हैं। पहले जहां उनके परिवार की वार्षिक आय मजदूरी से लगभग 70 से 80 हजार रूपए ही होती थी, वहीं अब इन व्यवसायों से उनकी सालाना आय लगभग दो से तीन लाख रूपए तक पहुंच गई है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है।




## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिले में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2026 का आयोजन 8 मार्च को उत्साह और उमंग के साथ किया गया। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशन तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले के विभिन्न स्थानों पर तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, रस्साकसी और खो-खो जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गरइं। बैकुंठपुर के खेलो इंडिया लघु केन्द्र बैडमिंटन हॉल तलवापारा में बैडमिंटन प्रतियोगिता, ग्राम पंचायत उमझर के मिनी स्टेडियम में तीरंदाजी, फुटबॉल, रस्साकसी एवं खो-खो तथा ग्राम पंचायत सरडी में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ। इन प्रतियोगिताओं में जिले की महिला खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अतिथियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह, मेडल तथा सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया और उन्हें खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# शिक्षिका कानन महिला दिवस पर सम्मानित

बैकुण्ठपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मानस भवन में कोरिया पुलिस प्रशासन के कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक, जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, सीजेएम प्रतीक्षा अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे के द्वारा जिले की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में संकुल खरवत अंतर्गत मिडिल स्कूल रकया की शिक्षिका कानन गुप्ता को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इससे संकुल व विद्यालय परिवार गौरवान्वित महसूस किया। इस प्रकार कानन गुप्ता ने विद्यालय सहित संकुल का नाम रौशन किया है सभी स्टाफ में खुशी की लहर है।

### महिला दिवस एवं रंग पंचमी के अवसर पर विविध कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्टीय महिला दिवस एवं रंग पंचमी के अवसर 8 मार्च को अनन्या वाटिका में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन में कोयलांचल क्षेत्र की महिलाओं की सहभागिता से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाएं,बच्चियां बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत, नृत्य, मोटिवेशनल स्पीच, कविता आदि की प्रस्तुति की गई। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित सभीजन का मन मोह लिया। कार्यक्रम में आयोजन समिति ने महिलाओं और बच्चों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया। सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए उपहार भी प्रदान किए गए। उपस्थित महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट भी प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम में उमंग खुशी और उत्साह का माहौल रहा। आयोजन समिति की कोयलांचल क्षेत्र की महिलाओं ने इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजन करने के लिए राजनगर, रामनगर, पौराधार झीमर बिजुरी, कोतमा एवं आसपास के क्षेत्र से महिलाओं को एकत्रित कर इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया। कार्यक्रम में लगभग 120 महिलाओं की उपस्थिति थी।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202603020700011/**
**मामले की श्रेणी:- राजस्व**
**विषय:- अ-6 सन:-2025-2026**
नमना कला प.ह.न. 00020 [543/53(0.0180हे.)
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार कु. सृष्टि कुजूर,
अनावेदक पक्षकार - शांति कुजूर,

**ईश्तहार**

आवेदिका कु. सृष्टि कुजूर पिता एडवर्ड कुजूर निवासी मोपका बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 543/53 रकबा 0.018 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखो में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.03.2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर सरगुजा, (छ.ग.)**

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी., ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीज़ों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में एसईसीएल के कोल उत्पादन में बढ़ोत्तरी, डिस्पैच पर भी जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- 8 मार्च को 16 हजार टन कोल उत्पादन होने पर सीआईसी फील्ड में बिश्रामपुर क्षेत्र रहा दूसरे नम्बर पर
- सोहागपुर क्षेत्र 17 हजार 5 सौ टन का उत्पादन करने पर रहा प्रथम स्थान पर

वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कोयला उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है,अमेरा और आमगांव खुली खदान परियोजनाओं के लाइनअप होने के बाद उत्पादन में बढ़ोत्तरी हुई है,कम्पनी प्रबंधन से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार रविवार 8 मार्च को क्षेत्र ने एक दिन में अब तक का सर्वाधिक 16 हजार टन कोयला उत्पादन किया, जिससे बिश्रामपुर क्षेत्र एसईसीएल के सीआईसी फील्ड में दूसरे स्थान पर रहा।

जानकारी के अनुसार पिछले सात–आठ वर्षों से भूमि की समस्या के कारण क्षेत्र की प्रमुख अमेरा खदान बंद पड़ी थी। कुछ समय पहले प्रबंधन ने जिला प्रशासन के सहयोग से खदान को पुनः शुरू कराया, जिसके बाद अब यहां से तेज गति से कोयला उत्पादन हो रहा है। वहीं आमगांव खदान में सालही गांव से उत्पादन पूरा होने के बाद पटना गांव में विस्तार होना था, लेकिन भूमि विवाद के कारण खदान लंबे समय तक बंद रही। बाद में फॉरेस्ट पैच की स्वीकृति मिलने के बाद खदान पुनः शुरू हुई और अब पटना गांव में विस्तार का कार्य चल रहा है। पटना गांव में 464 ग्रामीणों को रोजगार देने की प्रक्रिया के तहत अब तक 150 से अधिक भू-स्वामियों को नौकरी दी जा चुकी है तथा मुआवजा भी वितरित किया जा चुका है। ग्रामीणों के सहयोग और प्रशासन-प्रबंधन के समन्वय से अब दोनों खदानों से उत्पादन तेज हो गया है। एसईसीएल के सीआईसी फील्ड के 8 क्षेत्रों में रविवार को सोहागपुर क्षेत्र 17 हजार 5 सौ टन उत्पादन के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि बिश्रामपुर क्षेत्र 16 हजार टन उत्पादन के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पहले जहां क्षेत्र में प्रतिदिन केवल 3 से 4 हजार टन कोयला उत्पादन होता था, वहीं अब उत्पादन में गुणात्मक सुधार हुआ है।

### कोल डिस्पैच बढ़ाने की दिशा में प्रबंधन प्रयासरत

कोयला उत्पादन में वृद्धि के बाद डिस्पैच बढ़ाने की दिशा में भी प्रबंधन प्रयास कर रहा है। अमेरा और आमगांव खुली खदानों के साथ ही गायत्री और केतकी भूमिगत खदानों से भी आगामी वित्तीय वर्ष में उत्पादन बढ़ने की संभावना है, जिससे क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 20 हजार टन या उससे अधिक कोयला उत्पादन होने का अनुमान है।उत्पादन बढ़ने के साथ भंडारण और परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुराने जयनगर साइडिंग को लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया जा रहा है,राइट्स द्वारा यह कार्य तेज गति से कराया जा रहा है और अप्रैल तक इसे प्रबंधन को सौंपे जाने की संभावना है। साइडिंग के शुरू होने के बाद क्षेत्र से कोयले का डिस्पैच भी तेज होगा।

### जॉइंट टीम वर्क से मिल रही सफलता



इस संबंध में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि कोयला उत्पादन में वृद्धि एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन से मिले दिशा-निर्देश और सहयोग के साथ-साथ स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त टीम भावना से संभव हो पाई है,उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में और बेहतर प्रदर्शन होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षा विभाग की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड श्रोत समन्वयकों का बैठक आयोजित कर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा किया। बैठक में 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के संबंध में चर्चा एवं आगामी परीक्षा का गहन निरीक्षण, 16 अप्रैल से होने वाले ओपन स्कूल परीक्षा का संचालन, केंद्रीयकृत पांचवी आठवीं एवं स्थानीय परीक्षा एवं प्रश्न पत्र वितरण, केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति, टी एल प्रकरण के जांच में शीघ्रता, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों का सीएसी के माध्यम से सतत निरीक्षण किया गया। डीएमएफ में 5 वर्षीय कार्य योजना, शत प्रतिशत छात्रवृत्ति, ई ऑफिस का क्रियान्वयन, यू डाइस का अपडेशन तथा शुद्धता पूर्ण प्रविष्टि, अपार आईडी निर्माण के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वर्तमान में संचालित बोर्ड परीक्षा का गहन निरीक्षण करें एवं शांतिपूर्ण व्यवस्थित परीक्षा का संचालित सुनिश्चित करें। अपार आई डी के संबंध में भी कार्य योजना बनाकर सचिव से जन्म प्रमाण पत्र जारी करा, आधार सेंटर में आधार सुधार एवं अपार रिक्वेस्ट के संबंध में निर्देश दिया गया। बैठक में समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, सहायक संचालक शिक्षा, डीएमसी समग्र एवं डीपीओ डीएलएमए उल्लास उपस्थित थे।

### जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में हुई संस्कृत एवं उर्दू विषय की परीक्षा

**अम्बिकापुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा अंतर्गत 9 मार्च को जिले के 75 परीक्षा केन्द्रों में संस्कृत एवं उर्दू विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लहपटरा, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीतापुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उदारी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंदी आरा सहित अन्य केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलिबा एवं केदारपुर, सेजेस गांधीनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मणिपुर वार्ड अम्बिकापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्वक एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित होना पाया गया। संस्कृत विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 8210 विद्यार्थियों में से 7958 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 252 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं उर्दू विषय की परीक्षा में कुल पंजीकृत 80 विद्यार्थियों में से 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### मवेशी के हमले से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** मवेशी के हमले से गंभीर हुई वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम बरौल निवासी फूल कुवंर पति स्व. दयाराम (80 वर्ष) शनिवार को घर के सामने मवेशी को चारा खिला रही थी । इसी दौरान मवेशी ने वृद्धा पर हमला कर दिया। बैल के हमला करने से वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पत्नी की हत्या कर पति हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस

**अम्बिकापुर।** घरेलू बात को लेकर पति ने न सिर्फ पत्नी के साथ विवाद किया बल्कि जानलेवा हमला करने तथा पत्नी की मौत हो जाने पर लाश को ढक कर फरार हो गया। घटना की जानकारी सुबह लगी जब पास ही रह रहे पिता ने बेटा व बहू को न देख पत्नी को भेजा तो पता चला कि उसकी बहू का हत्या कर बेटा फरार है। घटना की रिपोर्ट आरोपी के पिता ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कुदर झेरी लोंगरी निवासी बोदो राम आ. स्व. केन्दा राम (53 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उसके तीन पुत्र है और बड़ा पुत्र दशमन कोरवा (30 वर्ष) शादी के बाद पास ही रहता है। पहली पत्नी के मौत हो जाने पर वह सखौली नवापारा निवासी प्रियंका को पत्नी बनाकर एक साल से रखा था। शनिवार की रात दशमन किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद कर रहा था। दूसरे दिन सुबह उसके घर में किसी प्रकार के चहल पहल नहीं होने तथा बहू व बेटा के घर के बाहर नहीं निकले पर जब पत्नी को फुलेश्वरी को देखने भेजा तो वह बताई बहू सोई है और नहीं उठ रही है। जब मौके पर जाकर उठाने का प्रयास किया तो उसके सिर में गंभीर चोट और वह मृत हालत मे पड़ी हुई थी। पिता ने बेटा द्वारा पत्नी की हत्या कर फरार होने जाने की बात पुलिस को बताई। पिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी दशमन के विरूद्ध धारा 103 (1) के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है।

## पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो समाज के 2406 घर होंगे रोशन

# सरगुजा जिले की 526 दुर्गम जनजातीय बसाहटों तक होगा विद्युत विस्तार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विभाग ने शासन को भेजा 15 .22 करोड़ का प्रस्ताव

प्रारंभ से ही पहाड़ एवं जंगल के बीच छोटी-छोटी दुर्गम बसाहटों में संघर्षपूर्ण जीवन जी रहे संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति के लोगों को अभियान चलाकर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की जा रही है। शासन द्वारा ऐसी दुर्गम बसाहटों में मूलभूत सुविधाएं विकसित की जा रही है।

शासन द्वारा दुर्गम क्षेत्रों में निवासरत संरक्षित पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति की बस्तियों को संवारने का काम किया जा रहा है। इन बस्तियों तक पीएम जनमन योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जा रहा है वहीं बस्ती तक विद्युत विस्तार कर घरों को रोशन करने की पहल की जा रही है। दूरस्थ बसाहटों तक सड़क बनने से पैदल लम्बी दूरी करने से राहत मिली है तथा इन बसाहटों तक अब आसानी से वाहन पहुंच रहे हैं जिससे ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव आया है साथ ही रोजगार के भी अवसर सृजित हुए हैं। विद्युत विभाग कड़ी मशक्कत कर ऐसी बसाहटों तक विद्युत विस्तार कर घर-घर को रोशन कर रहा है। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष योजना के तहत शासन ने ऐसी सभी बसाहटों को रोशन करने का निर्णय लिया है। योजना के तहत ग्रामीण विद्युत संभाग अंतर्गत सभी पांच उपसंभागों एवं 16 विद्युत वितरण केन्द्रों अंतर्गत अविद्युतीकृत 217 ग्राम पंचायतों के 526 दुर्गम बसाहटों का चिन्हांकन किया गया है इन बसाहटों में निवासरत 2406 घरों को विद्युत से रोशन करने का निर्णय लिया गया है। विभाग ने इन गांवों तक विद्युत विस्तार करने के लिए व्यापक सर्वे कराया है। सर्वे के अनुसार इन बसाहटों को रोशन करने के लिए 80.62 किमी लम्बी 11 केवी विद्युत लाइन एवं 312.18 किमी लम्बी एलटी लाइन का विस्तार किया जाएगा साथ ही गुणवत्तायुक्त विद्युत आपूर्ति के लिए 60 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। विभाग ने इन बसाहटों तक विद्युत विस्तार के लिए 15.22 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा है।



### 155 बसाहटें हुई रोशन

योजना के प्रथम चरण में विभाग ने 103 ग्राम पंचायतों की 155 बसाहटों में विद्युत विस्तार का कार्य पूरा करने के साथ ही समुदाय के 1427 घरों में से 844 घरों तक बिजली पहुंचा चुका है जबकि शेष बचे 583 घरों को रोशन करने का कार्य चल रहा है। इस वित्त वर्ष के अंत तक सभी घरों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### दो दर्जन से अधिक बसाहटें दुर्गम

अभी भी पहाड़ी कोरवा एवं पण्डो जनजाति की दर्जन से अधिक बसाहटें ऐसी हैं जहां पहुंचना आसान नहीं है। पहाड़ी इलाका होने के कारण न तो इन बसाहटों तक पोल एवं तार का परिवहन करना संभव है न ही विद्युत विस्तार करना। इन बसाहटों की आबादी भी 6-7 घरों की ही है। विपरीत भौगोलिक स्थिति के बावजूद घरों की आपसी दूरी भी अधिक है। जिन बसाहटों तक आवागमन संभव है वहां विद्युत विस्तार का कार्य भी आसानी से हो जा रहा है। लेकिन दुर्गम बसाहटों में आवागमन की सुविधा नहीं होने के कारण विभाग ने इन बसाहटों को रोशन करने के लिए क्रेडा की मदद लेने का निर्णय लिया है।

### पहाड़ो पर मिलेगी होम लाइट की सुविधा

विभाग ने दुर्गम स्थलों की बसाहटों के 529 घरों को रोशन करने की जिम्मेदारी क्रेडा को सौंपा है। क्रेडा इन बसाहटों के हर परिवार को सौर ऊर्जा आधारित होम लाइट की सुविधा प्रदान करेगा। भौगोलिक दृष्टि से आवागमन कठिन होने के कारण इन बसाहटों को रोशन होने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

### भेजा गया है प्रस्ताव

जनजाति समाज की अविद्युतीकृत बसाहटों को विद्युतीकृत करने के लिए शासन को 15.22 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही विद्युत विस्तार का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग



# अमेरा खदान से कोयला चोरी करते तीन पकड़े गए 8 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल प्रबंधन के निर्देश पर सुरक्षा दल निरंतर कर रहा गश्ती व धरपकड़ कार्रवाई

एसईसीएल क्षेत्र की खदानों से लगातार हो रही कोयला चोरी पर रोक लगाने के लिए कम्पनी प्रबंधन द्वारा सख्ती बरती जा रही है,इसी कड़ी में महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह के निर्देश पर त्रिपुरा बटालियन और कंपनी के सुरक्षा अमले ने अमेरा खदान क्षेत्र में अभियान चलाया।

7 मार्च की रात प्रतिबंधित क्षेत्र में कोयला चोरी का प्रयास कर रहे लोगों की घेराबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान तीन कोयला चोरों को पकड़ लिया गया, जबकि अन्य लोग मौके से फरार हो गए,टीम ने मौके से 8 मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं।पकड़े गए आरोपियों में एक अपचारी बालक भी शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सत्यम रजवार आ. अमरसाय रजवार और रवि दास पिता उलग दास, दोनों निवासी पुहपुटरा थाना लखनपुर, जिला सरगुजा के रूप में हुई है,पकड़े गए आरोपियों समेत 8 बाइक और बोरों में भरे कोयले को लखनपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है,पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

बताया गया कि लखनपुर क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में ग्रामीणों को आगे कर एसईसीएल बिश्रामपुर के अमेरा खदान और गायत्री खदान से रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कराई जा रही है, जिससे कंपनी और शासन को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### नशीले इंजेक्शन के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** कुसमी पुलिस ने नशीला इजेक्शन की तस्करी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 8 मार्च को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पल्सर बाइक से मनेश कुमार अपने दो साथियों के साथ नशीली इंजेक्शन लेकर तस्करी करने के लिए लेकर आ रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कुसमी कोरंधा रोड पर घेराबंदी कर कुसमी निवासी मनेश कुमार प्रजापति, मोहम्मद सैफ व पंकज प्रजापति को हिरासत में लेकर उनके पास नशीला इंजेक्शन बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 सी के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# केराजोबला बस्ती में हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को बनाया खण्डहर

- चट कर गए घर में रखा अनाज

**अम्बिकापुर/मैनपाट।** बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम सपनादर में जमकर उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती में घुसकर दो ग्रामीणों के घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। कड़ी मशक्कत के बाद हाथी भोर में बस्ती से बाहर निकले तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

वर्तमान में मैनपाट में 3 नर हाथी एक साथ अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं। हाथियों ने आबादी क्षेत्र में घुसकर तोड़फोड़ मचाना शुरू किया। हाथियों की सक्रियता को देखते हुए वन अमला नियमित हाथियों की निगरानी करता था। हाथियों के सीमावर्ती कापू जंगल में जाने के बाद वन अमले ने भी हाथियों से दूरी बना ली। रविवार की मध्य रात्रि दो दंतैलों ने ग्राम पंचायत सपनादर अंतर्गत केराजोबला बस्ती में धावा बोल दिया। मध्यरात्रि जब हाथी बस्ती में पहुंचे ग्रामीण गहरी नींद में सो रहे थे। इस दौरान हाथी बस्ती के शिवशंकर आ.धूधा माझी के घर में तोड़फोड़ करने लगे तो गहरी नींद में सो रहे परिवार के सदस्य जागे तथा किसी तरह घर से बाहर निकलकर सुरक्षित ठिकाने की ओर भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों ने शिवशंकर का घर ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज चट कर गए। हाथी सुबह तक बस्ती की गलियों में घूमते रहे। इधर हाथियों से अपनी जान बचाने पूरी रात ग्रामीण परिवार सहित इधर-उधर भागदौड़ करते रहे। शिवशंकर का घर ढहाने के बाद हाथियों ने टिकरिया के घर को तोड़कर खण्डहर बना दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। भोर होने पर हाथी बस्ती से बाहर निकले तथा केराजोबला, मालतीपुर के रास्ते जंगल की ओर चले गए जबकि दल का एक दंतैल अभी भी पर्यटन स्थल टाइगर पाइंट जंगल में भ्रमण कर रहा है।



### सुबह पहुंचे वनकर्मी

हाथियों से सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय को गजराज वाहन के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। वन अमला समय- समय पर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी एवं संभावित खतरे की भी जानकारी देता रहा है। रविवार को वन अमले को बस्ती में नर हाथियों के धावा बोलने की हवा तक नहीं लग सकी। गनीमत रही खतरे को देखते हुए बस्ती के सभी लोग अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए थे हाथियों द्वारा उत्पात मचाने की जानकारी मिली तो सुबह वनकर्मी बस्ती में पहुंचकर क्षति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने विभाग पर हाथियों की गतिविधि पर ध्यान नहीं रखने एवं समय पूर्व हाथियों की सूचना नहीं देने का आरोप लगाया है।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** गांव में घूमने निकले स्कूटी सवार को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम मलसेमा निवासी दिलीप कुमार नागेश आ. बलराम नागेश (22 वर्ष) रविवार को स्कूटी से घूमने निकला था। जैसे ही युवक गुमाडांड़ मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन निजी वाहन से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### भाजपा ने किया राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का विरोध, फूंका ममता का पुतला

**अम्बिकापुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा एवं आदिवासी समाज के लोगों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करने का आरोप लगा घड़ी चौक पर ममता बनर्जी का पुतला दहन पर विरोध जताया। अजजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी पैकरा के नेतृत्व एवं जिला महामंत्री विनोद हर्ष की उपस्थिति में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा कि बंगाल की ममता सरकार ने राष्ट्रपति और आदिवासी समाज को अपमानित करने की सारी हदें पार कर दी। राष्ट्रपति का अपमान कर ममता बनर्जी ने राजनैतिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया है। कार्यक्रम को मोर्चा के जिलाध्यक्ष बिंदेश्वरी पैकरा एवं महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह ने भी संबोधित किया तथा विरोध जताया। इस दौरान पूरन टेकाम, निश्चल प्रताप सिंह, रूपेश दुबे, अंकित तिर्की, बंशीधर उरांव, अनिल निराला, कमलेश, रविकांत उरांव, अनिल तिवारी आदि उपस्थित थे।

# रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग

- जिला कांग्रेस ने निदेशक को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर।** रायपुर, रांची और वाराणसी तक नियमित वायुसेवा की मांग जो लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा के निदेशक को ज्ञापन सौंपा है। करीब 1 माह पूर्व भी जिला कांग्रेस के एक दल ने एयरपोर्ट के निदेशक से मुलाकात कर ठप पड़ी विमान सेवा को प्रारंभ करने की मांग की थी। कांग्रेस महामंत्री आलोक सिंह के नेतृत्व में दरिमा गए इस दल ने रायपुर, रांची और वाराणसी के लिये नियमित विमानसेवा पर चर्चा की। दल ने यह तर्क रखा कि ये तीनो शहर प्रशासनिक कार्य, स्वास्थ्य सेवा, सांस्कृतिक गतिविधियों और पर्यटन की दृष्टि से महत्व रखते हैं। अम्बिकापुर से प्रतिदिन हजारों लोग इन शहरों की ओर जाते हैं। इन शहरों के लिए कोई सीधी द्रुतगति रेलसेवा भी उपलब्ध नहीं है। वाराणसी और रांची के लिए भविष्य में रेलमार्ग की भी कोई संभावना नहीं है। जबकि हवाई मार्ग के माध्यम से यात्रा के लिए आधारभूत ढांचा मौजूद है। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व कर रहे आलोक सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हवाई चप्पल वालों को भी हवाई सेवा का आश्वासन दिया था। सरगुजा जिले की गरीब जनता को यकीन है कि प्रधानमंत्री का यह वादा मात्र प्रलोभन नहीं रहेगा और इसे यथार्थ में उतारा जाएगा। प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के बाद एयरपोर्ट निदेशक ने मांगो को शीर्षस्थ अधिकारियों को प्रेषित कर इस दिशा में पहल का आश्वासन दिया है। इस दौरान रजनीश सिंह, उत्तम राजवाड़े, नीतीश चौरसिया, विकल झा, हिमांशु जायसवाल, आशीष जायसवाल, सुरेंद्र गुप्ता, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, जयपाल, रवि, उमाशंकर, नरेंद्र गुप्ता, नीलेश कश्यप, कुशल अग्रवाल, गौतम गुप्ता, आकाश यादव, अभिषेक सोनी, अतुल यादव, अनमोल गोस्वामी, अभिनव काशी, लोलार सिंह, आयुष गुप्ता, सत्यम यादव, प्रियांशु जायसवाल, प्रिंस आदि मौजूद थे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन से- 1 मई से 7 मई 2026
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी यात्रा
माता वैष्णव देवी, हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर-9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-22,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411